उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(विकास शाखा)

दिनांक 29.03.2017 को उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :-

उपस्थिति पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु जिला योजना पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा रामगढ़ को निदेश दिया गया।

तद्नुसार एजेण्डावार निम्नवत् समीक्षा/विचार-विमर्श की गयी :-

1. **योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति**

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ के पत्रांक 356 दिनांक 28.03.2017 से प्राप्त सक्षम से तकनिकी स्वीकृत योजनाओं के DPR पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार के संयुक्त सचिव, उद्योग, खान एवं भुतत्व विभाग, झारखण्ड राँची की अधिसूचना संख्या 357/एम0 दिनांक 03.02.2017 के आलोक में एक करोड़ तक की योजनाओं की स्वीकृति उपायुक्त के स्तर से तथा एक करोड़ से पाँच करोड़ तक की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति DMFT की प्रबंधकीय समिति द्वारा दी जानी है।

उक्त प्रावधान के आलोक में 01 करोड़ से अधिक एवं 05 करोड़ से कम की दो योजनाएँ, जिसका अनुमोदन DMFT न्यास परिषद् से किया जा चुका है, उसकी प्रशासनिक स्वीकृति निम्नतव् प्रदान की गयी :-

(राशि करोड़ में)

क्र.	प्रखण्ड	पंचायत	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि		कुल प्रशासनिक स्वीकृत राशि
				Civil Work हेतु तकनिक स्वीकृत राशि	Non-Civil Work	
1	दुलमी	ईचातु	हफत नाला पर निर्मित चटाक बांध का जीर्णोद्धार कार्य।	1.71889	0	1.71889
2	रामगढ	वार्ड 04	गढबांध का जीर्णोद्धार एवं आस-पास का सुन्दरीकरण कार्य।	2.00745	0.28230	2.28975

इसके साथ ही, उक्त पत्र से प्राप्त DPR के आलोक में DMFT की आगामी न्यास परिषद् की बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में 01 करोड़ से अधिक एवं 05 करोड़ से कम की 01 योजना का प्रशासनिक स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की गयी।

(राशि करोड़ में)

क्र.	प्रखण्ड	पंचायत	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि		कुल प्रशासनिक स्वीकृत राशि
				Civil Work हेतु तकनिक स्वीकृत राशि	Non-Civil Work	
1	रामगढ	रामगढ	बिजुलिया तालाब का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण कार्य।	2.39300	0.25144	2.64444

2. **कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा :-**

DMFT के तहत् कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षोपरान्त निम्नवत् निदेश दिया गया :-

i. **शौचालय निर्माण**

व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की 46675 योजनाएँ, जिसके लिए कुल 51.01 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध करायी गयी है, का व्यय विवरणी, उपयोगिता प्रमाण पत्र, योजनावार प्रगति प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ उपलब्ध कराने हेतु पूर्व में दिये गये निदेश का अनुपालन प्रतिवेदन अप्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। पुनः वांछित प्रतिवेदन अविलम्ब उपलब्ध कराने एवं शौचालय निर्माण की शत-प्रतिशत योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने हेतु निदेशित किया गया।

(अनु0 - कार्य0अभि0, पेयजल एवं स्वच्छता प्र0, रामगढ)

ii. सोलर आधारित जलापूर्ति योजना

सोलर आधारित पेयजलापूर्ति योजनाएँ जिनकी प्रशासनिक स्वीकृति लगभग तीन माह पूर्व दी चुकी है और अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, पर क्षोभ व्यक्त किया गया। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेश दिया गया कि अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने के कारणों के साथ अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें, ताकि इसपर विधिसम्मत् आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

(अनु0 – **कार्य0अभि0, पेयजल एवं स्वच्छता प्र0, रामगढ़)**

iii. Mobile Medical Unit For MTC

सिविल सर्जन, रामगढ़ द्वारा संचालित MTC हेतु उपलब्ध करायी गयी राशि कुल 25.00 लाख की उपयोगिता प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया, ताकि उनके द्वारा समर्पित अतिरिक्त राशि की अधियाचना पर आवश्यक राशि उपलब्ध करायी जा सके।

(अनु0 – **सिविल सर्जन, रामगढ़)**

3. पंचायतों में PGC का निर्माण :–

PGC निर्माण हेतु गोला प्रखण्ड के डी0वी0सी0 चौक के आस–पास उपयुक्त भूमि का चयन करने का निदेश अंचलाधिकारी, गोला को दिया गया। पतरातु एवं माण्डू प्रखण्ड में PGC निर्माण हेतु प्राप्त भूमि संबंधित प्रस्ताव कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, रामगढ़ को उपलब्ध कराने एवं उन्हें स्थल निरीक्षण कर DPR तैयार करने हेतु निदेश दिया गया।

(अनु0 – **अंचलाधिकारी, गोला/माण्डू/पतरातु)**

तदोपरान्त बैठक में दिये गये निदेशों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक 380 /वि0 रामगढ़, दिनांक 29/03 /2017

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

29/3/17

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।